4	**Kamala Nagar Branch, New Delhi Branch (19040)** **1. Mr Inderjeet Singh (Borrower)** 6/12, Block 6, Subhash Nagar Rajouri Garden, Delhi-110027 **Loan Accounts have been classified as a NPA on 01-05-2022**	18-10-2022 ₹ 4,62,356.63 + Interest and Other Expenses from 01-10-2022	MARUTI SUZUKI VITARA BREZZA ZDI+ CHASSIS NO MA3NYFB1SGH147427 ENGINE NO ZB92666 REGN NO DL01CV0915 in the name of Mr. Inder Jeet Singh
5	**DTC Depot Patparganj Branch, New Delhi Branch (19078)** **1. Mrs Manju (Borrower),** F8 Gazipur Village, Delhi-110092 **Loan Accounts have been classified as a NPA on 29-05-2022**	04-10-2022 ₹ 1,07,516.70 + Interest and Other Expenses from 01-10-2022	SWIFT VDI Chassis Number MA3FHEB1S00806314 Engine Number D13A-0554515 Having Registration Number DL14CB1387 in the name of Mrs. Manju
6	**DTC Depot Patparganj Branch, New Delhi Branch (19078)** **1. Mr Mohan Singh Negi, (Borrower),** 229/14 A, Gali No 2 Railway Colony, Mandawali Fazalpur, Delhi-110092 **Loan Accounts have been classified as a NPA on 29-05-2022**	04-10-2022 ₹ 1,97,283.54 + Interest and Other Expenses from 01-10-2022	HYUNDAI XCENT CRDI CHASSIS NUMBER MALA741DLFM123915 ENGINE NUMBER D3FAFM372025 REGISTRATION NUMBER DL1CT7103 in the name of Mr. Mohan Singh Negi
7	**Gandhi Nagar Branch, New Delhi branch (1974)** **1. Mr Rakesh Kumar (Borrower), 2. Mr. Shyama (Guarantor) both at:** IX-7560, Amar Mohalla, Gali No 10, Raghubar Pura, No. 2, Gandhi Nagar, Delhi-110031 **Loan Accounts have been classified as a NPA on 30-01-2020**	17-10-2022 ₹ 3,47,405.67 + Interest and Other Expenses from 29-04-2020	MARUTI EECO 5 SEATER WITH AC REGN NO DL5CP4109 CHASSIS NO MA3ERLF1S00576490 ENGINE NO G12BN553640 in the name of Mr. Rakesh Kumar
8	**Gandhi Nagar Branch, New Delhi branch (1974)** **1. Mrs Rupa Rani (Borrower),** C 23 Gali No 13 C Block, Harijan Basti West Jyoti Nagardayal Pur North East Delhi, Delhi **Loan Accounts have been classified as a NPA on 28-01-2019**	17-10-2022 ₹ 5,48,725.31 + Interest and Other Expenses from 29-04-2020	VEHICLE NO DL5CQ5448 CHASSIS NO MALA851CLKM969927 in the name of Mrs. Rupa Rani
9	**OLD RAJINDER NAGAR Branch, New Delhi branch (02751)** **1. Mr S Rohit Kumar (Borrower),** D-64 Ajay Enclave Near, Subhash Nagar More, New Delhi 110018 **2. Mr Abhay Kumar Mishra (Guarantor) S/o Harischand Mishra,** Vill Harpur PO Lejar Mahadeva, Anand Nagar, Maharajganj, Uttar Pradesh-273155 **Loan Accounts have been classified as a NPA on 27-07-2022**	18-10-2022 ₹ 1,93,427.42 + Interest and Other Expenses from 29-09-2022	HONDA WRV 1.5 VX MT(I-DTEC) Chassis Number MAKGL274AJ4020329 Engine Number N15A15024388 Having Registration Number DL10CK4811 in the name of Mr. S ROHIT KUMAR
10	**DTC Depot Patparganj Branch (19078)** **1. Mr Sandeep Kumar Tripathi (Borrower) S/o T R Tripathi Vision,** Tower Post Office Lane Opp P N Anglo School Naya Tola, Patna, Bihar-800004 **Loan Accounts have been classified as a NPA on 01-12-2020**	13-10-2022 ₹ 5,31,040.31 + Interest and Other Expenses from 29-04-2020	RENAULT DUSTER HP RXL REGN NO DL1CT7097 ENGINE NO: E010226 CHASSIS NO: MEEHSRAW5F3086127 in the name of Mr. Sandeep Kumar Tripathi
11	**Geeta colony Branch, New Delhi branch (19135)** **1. Mr Sarwan Kumar (Borrower) 2. Mr. Anchala Sinha (Guarantor) both at:** 84 Jheel Khuranja Scoter Market Krishna Nagar Delhi-110065 **Loan Accounts have been classified as a NPA on 30-01-2020**	04-10-2022 ₹ 7,23,216.68 + Interest and Other Expenses from 29-04-2020	MAHINDRA TUV 300 CHASSIS NUMBER : MA1NA2SMXH6A39538 ENGINE NUMBER : SMH6A12563 REGISTRATION NO : DL7CM5979 in the name of Mr. Sarwan Kumar
12	**Sadar Bazar, New Delhi Branch (19041)** **1. Shri Kant Yadav (Borrower),** F 29 Gali No 11, West Vinod Nagar, 2nd Floor Delhi-110092 **Loan Accounts have been classified as a NPA on 30-12-2019**	20-10-2022 ₹ 3,15,561.80 + Interest and Other Expenses from 29-04-2020	MARUTI SWIFT DZIRE BSIV REGN NO DL14CC9493 CHASSIS NO MA3FJEB1S00A24920 ENGINE NO 2940335 in the name of Mr. Shri Kant Yadav
13	**Kamala Nagar Branch, New Delhi (19040)** **1. Mr Surinder Singh Uppal (borrower),** 11152/7 Ground Floor, New Rohtak Road, Karol Bagh, New Delhi-110055 **Loan Accounts have been classified as a NPA on 29-06-2022**	18-10-2022 ₹ 2,90,227.56 + Interest and Other Expenses from 29-04-2020	REGN NO DL8CAQ8090 CHASSIS NO MALC181CLHM239903 in the name of Mr. Surinder Singh Uppal
14	**Kamala Nagar Branch, New Delhi Branch (19040)** **1. Mr Varinder Pal Singh Sahni (Borrower),** E 14 B/1 Ground Floor, Vishnu Garden Tilak Nagar, West Delhi, Delhi-110018 **Loan Accounts have been classified as a NPA on 31-07-2017**	18-10-2022 ₹ 8,18,848.56 + Interest and Other Expenses from 29-04-2020	GRAND I10 ASTA 1.2 REGN NO DL10CG2560 CHASSIS NO MALA851CLFM3094G6 ENGINE NO G4LAFM744042 in the name of Mr. Varinder Pal Singh Sahni

The above mentioned Borrowers / Guarantors are advised (1) To collect the original notice from the undersigned for more and complete details and (2) To pay the balance outstanding amount interest and costs etc. within 60 days from the date of notice referred to above to avoid further action under the SARFAESI Act.

Dated : 07-11-2022, Place : New Delhi — Authorised Officer, CANARA BANK

राज्यपाल की जगह शिक्षाविदों को कुलाधिपति बनाने के लिए अध्यादेश लाएगी केरल सरकार

कांग्रेस और भाजपा ने फैसले का विरोध किया, कहा, मंत्रिमंडल का फैसला केरल में विश्वविद्यालयों को 'वामपंथी केंद्र' बनाने के उद्देश्य से लिया गया है

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।

केरल सरकार ने राज्य के विश्वविद्यालयों में राज्यपाल की जगह प्रतिष्ठित शिक्षाविदों को कुलाधिपति बनाने के लिए बुधवार को अध्यादेश लाने का फैसला किया। कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दोनों ने इस फैसले का विरोध किया है। मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी एक बयान में बताया गया कि आज हुई मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। एलडीएफ नीत राज्य सरकार का यह कदम विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति समेत कामकाज के विषय पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के साथ चल रहे उसके गतिरोध के बीच आया है। कांग्रेस और भाजपा ने फैसले का विरोध करते हुए आरोप लगाया कि राज्य मंत्रिमंडल का फैसला केरल में विश्वविद्यालयों को 'वामपंथी केंद्र' बनाने के उद्देश्य से लिया गया है।

उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि यदि अध्यादेश लागू किया जाता है तो विश्वविद्यालयों में कुलपति समेत सभी नियुक्तियों का फैसला एकेजी सेंटर करेगा जो सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) का प्रदेश मुख्यालय है। मुख्यमंत्री कार्यालय के बयान के अनुसार मंत्रिमंडल की बैठक में फैसला किया गया कि खान से अध्यादेश को मंजूरी देने की सिफारिश की जाएगी जो विश्वविद्यालय कानूनों में कुलापधिपति की नियुक्ति से संबंधित धारा को हटा देगा। इस धारा में कहा गया है कि राज्यपाल राज्य के 14 विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति भी होंगे।उसने कहा कि बैठक में भारत के पूर्व प्रधान न्यायाधीश मदन मोहन पुंछी की अध्यक्षता वाले पुंछी आयोग की सिफारिशों पर भी विचार किया गया कि राज्यपाल को विश्वविद्यालयों का प्रमुख नियुक्त करना ठीक नहीं होगा क्योंकि

संविधान के तहत उनके अन्य दायित्व भी हैं।

बयान के अनुसार आयोग की सिफारिशों और राज्यपाल द्वारा राज्य में उच्च शिक्षा को दिये गये महत्व के मद्देनजर विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति के रूप में प्रतिष्ठित शिक्षाविदों की नियुक्ति का फैसला किया गया है। मंत्रिमंडल की राय थी कि विश्वविद्यालयों में शीर्ष पद पर उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विशेषज्ञता वाले किसी व्यक्ति को बैठाना लाभकारी होगा ताकि केरल के उच्च शिक्षण केंद्रों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाने की दीर्घकालिक योजना तैयार की जा सके। राज्य की उच्च शिक्षा मंत्री आर बिंदू ने भी यहां संवाददाताओं से बातचीत में इसकी पुष्टि की। उन्होंने कहा कि सरकार ने राज्य में उच्च शिक्षा और विश्वविद्यालयों में सुधार के लिए यह फैसला किया है।

क्या राज्यपाल खान इस अध्यादेश पर हस्ताक्षर करेंगे, इस सवाल के जवाब में शिक्षा मंत्री ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि राज्यपाल अपने संवैधानिक दायित्वों के अनुरूप काम करेंगे। राज्य के 11 विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की नियुक्ति के खिलाफ खान के हालिया कदम के संदर्भ में बिंदू ने कहा कि पिछले दिनों विश्वविद्यालयों के कामकाज में हस्तक्षेप किया गया जिसका उद्देश्य उन्हें दिशाहीन बनाना था और इससे निश्चित रूप से केरल में उच्च शिक्षा के स्तर को लेकर चिंताएं पैदा हुई हैं। राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष वी डी सतीशन ने मंत्रिमंडल के फैसले का विरोध किया और कहा कि इसका उद्देश्य विश्वविद्यालयों को 'वामपंथी केंद्र' बनाना है। उन्होंने कहा कि कुलाधिपति बदलना सरकार और मुख्यमंत्री की गलतियों का कोई हल या उपाय नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर राज्यपाल को हटाया जाता है तो जिस तरह पिछले दरवाजे से पार्टी नेताओं के रिश्तेदारों की नियुक्ति होती है, उसी तरह एकेजी सेंटर से कुलपतियों का चयन किया जाएगा।

सतीशन ने कहा कि इस फैसले से राज्य में उच्च शिक्षा का नुकसान ही होगा जैसा पश्चिम बंगाल में हुआ। सतीशन ने यह आरोप भी लगाया कि अध्यादेश का उद्देश्य कुलपतियों की नियुक्ति के संबंध मां उच्चतम न्यायालय के हालिया फैसले को कमतर करना भी होगा।

एक नजर

मलाली मस्जिद विवाद: अदालत ने मुकदमे को सुनवाई योग्य बताया

मंगलुरु,एजेंसी। मंगलुरु की एक अदालत ने मलाली मस्जिद को मंदिर के स्थान पर बनाए जाने के दावे की जांच के लिए एक 'कोर्ट-कमिश्नर' नियुक्त करने संबंधी याचिका को मंगलवार को सुनवाई योग्य करार दिया। याचिका में दावा किया गया है कि मलाली मस्जिद का निर्माण एक हिंदू मंदिर पर किया गया है और इस बात की जांच की जानी चाहिए। अदालत ने कहा कि मामले पर जनवरी 2023 में सुनवाई की जाएगी। मंगलुरु के टी. ए. धनंजय और बी. ए. मनोज कुमार ने मंगलुरु की तृतीय अतिरिक्त दीवानी अदालत में यह याचिका दायर की थी। उन्होंने दावा किया था कि इस साल अप्रैल में मंगलुरु के निकट ठेनका उलीपाडी गांव के मलाली में अब्दुल्लाही मदनी की मस्जिद के पुनरुद्धार के दौरान एक मंदिर जैसी संरचना मिली। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने भी मस्जिद का सर्वेक्षण कराने को कहा था। हालांकि मस्जिद के अधिकारियों का कहना है कि अदालत को इस मामले की सुनवाई करने का अधिकार नहीं है, क्योंकि मस्जिद वक्फ बोर्ड की संपत्ति है। दीवानी अदालत ने आज कहा कि मुकदमा सुनवाई योग्य है और वह इस पर सुनवाई करेगी। इससे पहले अदालत ने मामले की सुनवाई पूरी होने तक पुनरुद्धार के काम पर रोक लगा दी थी। अदालत ने मस्जिद में कराये जा रहे जीर्णोद्धार के काम पर लगाई रोक हटाने को लेकर मस्जिद पदाधिकारियों की अर्जी ठुकरा दी थी।

गुजरात चुनाव को देखते हुए सीएए का इस्तेमाल कर रही है भाजपा: ममता

कृष्णनगर,एजेंसी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) गुजरात में आगामी विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए संशोधित नागरिकता अधिनियम (सीएए) और राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) का ''इस्तेमाल'' कर रही है।

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख बनर्जी ने कहा कि वह पश्चिम बंगाल में सीएए को कभी भी लागू नहीं होने देंगी। बनर्जी ने भाजपा पर अलग राज्य की मांग उठाकर पश्चिम बंगाल में अलगाववाद को बढ़ावा देने की कोशिश करने का आरोप भी लगाया और कहा कि वह कभी भी राज्य का विभाजन नहीं होने देंगी।

राहुल में मोदी को चुनौती देने का दमखम: गहलोत

शिमला, एजेंसी।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बुधवार को कहा कि राहुल गांधी में वो पूरा दमखम है कि वह अगले लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुनौती दे सकें, लेकिन चेहरे का फैसला तमाम विपक्षी पार्टियां मिलकर करेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि राहुल गांधी हिमाचल प्रदेश और गुजरात विधानसभा चुनावों में प्रचार करें या नहीं करें, लेकिन वह जिन मुद्दों को लेकर 'भारत जोड़ो यात्रा ₹ पर निकले हैं वो आम जनता से जुड़े है और उनका संदेश घर-घर तक पहुंच रहा है।

गुजरात विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के वरिष्ठ पर्यवेक्षक गहलोत ने कहा कि आम आदमी पार्टी लोगों को भ्रमित कर रही है, लेकिन गुजरात में

कांग्रेस अच्छा प्रदर्शन करेगी। उन्होंने यह दावा भी किया कि कांग्रेस हिमाचल प्रदेश में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने जा रही है। गहलोत ने कहा, दोनों राज्यों में सरकार विरोधी लहर है। कांग्रेस तेज गति से आगे बढ़ रही है। हिमाचल प्रदेश में 12 नवंबर को मतदान होने वाला है, मुझे विश्वास है कि कांग्रेस की पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी।

उनका कहना था, गुजरात में अभी चुनाव की घोषणा हुई है। हमारी वहां पांच यात्राएं निकली हैं, जो 175 विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरी हैं। मुझे उम्मीद है कि हम अच्छा प्रदर्शन करेंगे। गुजरात में आम आदमी पार्टी के असर से जुड़े सवाल पर राजस्थान के मुख्यमंत्री ने कहा, आम आदमी पार्टी सिर्फ लोगों को भ्रमित कर रही है। मीडिया को उसने कैपचर कर रखा है। इसके अलावा कुछ नहीं है।

उल्लेखनीय है कि हिमाचल प्रदेश की सभी 68 सीटों पर 12 नवंबर को मतदान होगा। गुजरात की कुल 182 विधानसभा सीटों में से पहले चरण में 89 सीटों पर एक दिसंबर को चुनाव होगा तथा शेष 93 सीटों पर पांच दिसंबर को वोट डाले जाएंगे। दोनों राज्यों में आठ दिसंबर को मतगणना होगी। इन विधानसभा चुनावों में राहुल गांधी के प्रचार नहीं करने से संबंधित सवाल पर गहलोत ने कहा, राहुल गांधी कई राज्यों में नहीं जा पा रहे हैं क्योंकि उनकी यात्रा का एक रूट बना हुआ है।

बिना किसी कारण इसे मुद्दा बनाने का प्रयास हो रहा है, लेकिन वो मुद्दा नहीं बनेगा।

उत्तर प्रदेश में मिलकर उपचुनाव लड़ेंगे सपा और रालोद

लखनऊ,एजेंसी। समाजवादी पार्टी (सपा) लोकसभा और विधानसभा उपचुनाव राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के साथ मिलकर लड़ेगी। समाजवादी पार्टी ने बुधवार को एक ट्वीट कर कहा,'उत्तरप्रदेश में होने वाले आगामी उपचुनाव में समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय लोकदल मिलकर चुनाव लड़ेंगे। मैनपुरी लोकसभा और रामपुर विधानसभा सीट पर सपा प्रत्याशी चुनाव लड़ेंगे और खतौली विधानसभा सीट पर रालोद का प्रत्याशी चुनाव लड़ेगा। मैनपुरी लोकसभा सीट समाजवादी पार्टी के संरक्षक मुलायम सिंह यादव के निधन के कारण रिक्त हुई थी जबकि रामपुर विधानसभा सीट सपा नेता आजम खान की सदस्यता रद्द होने से।

मोदी 11 नवंबर से चार दक्षिणी राज्यों के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे

नई दिल्ली, एजेंसी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार से दक्षिणी राज्यों- कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे तथा इस दौरान वह कई कार्यक्रमों में भाग लेंगे एवं विकास योजनाओं की शुरुआत करेंगे। एक आधिकारिक बयान के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी अपने दौरे की शुरुआत कर्नाटक से करेंगे जहां वह बेंगलुरू में संत-कवि कनक दास और महर्षि वाल्मीकि की मूर्तियों पर पुष्पांजलि करेंगे।

प्रधानमंत्री वहीं वंदे भारत एक्सप्रेस और भारत गौरव काशी दर्शन ट्रेन को भी हरी झंडी दिखाएंगे और बाद में केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल 2 का उद्घाटन करेंगे। उनका बेंगलुरु में एक सार्वजनिक कार्यक्रम के बाद नादप्रभु केम्पेगौड़ा की 108 फुट की कांस्य प्रतिमा का अनावरण करने का भी कार्यक्रम है। प्रधानमंत्री मोदी शुक्रवार को ही दोपहर बाद तमिलनाडु के डिंडीगुल में गांधीग्राम ग्रामीण संस्थान के 36वें दीक्षांत समारोह में भाग लेंगे। बयान के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी शनिवार को आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। वह तेलंगाना के रामागुंडम में आरएफसीएल संयंत्र का भी दौरा करेंगे और वहां कई परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे।

कांग्रेस ने केरल में एलडीएफ सरकार पर साधा निशाना

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।

केरल में विपक्षी दल कांग्रेस ने राज्य में सार्वजनिक क्षेत्र के विभिन्न संस्थानों और सरकारी विभागों में कथित रूप से पिछले दरवाजे से की जा रही नियुक्तियों को लेकर बुधवार को राज्य की वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) सरकार पर निशाना साधा। केरल विधानसभा में विपक्ष के नेता वी. डी. सतीशन ने कहा कि पार्टी के नेतृत्व वाला संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के जिला सचिवों और मंत्रियों के कार्यालयों द्वारा रिक्तियों की रोजगार कार्यालयों एवं लोक सेवा आयोग को सूचना दिए बिना की गई ऐसी नियुक्तियों का एक-एक करके पर्दाफाश करेगा।

सतीशन ने यहां नगर निगम में प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस पार्षदों से मिलने के बाद यह बात कही। कांग्रेस के पार्षद मेयर आर्य राजेंद्रन के उनके द्वारा लिखे गए एक कथित पत्र को लेकर इस्तीफे की मांग कर रहे हैं, जिसमें वाम शासित नगर निकाय में अस्थायी रिक्तियों में पार्टी कैडर की नियुक्ति के लिए प्राथमिकता सूची मांगी गई है।

कथित पत्र माकपा के जिला सचिव अनवूर नागप्पन को लिखा गया है। इसको लेकर राज्य में राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है और विपक्षी दल उनके इस्तीफे की मांग कर रहे हैं।

आरएसएस शाखाओं की सुरक्षा के लिए अपने लोग भेजे थे: सुधाकरन

कन्नूर,एजेंसी। केरल कांग्रेस प्रमुख के. सुधाकरन बुधवार को यह कहकर विवादों में आ गए कि दशकों पहले जब वह कांग्रेस (संगठन) का हिस्सा थे, तब उन्होंने अपने लोगों को राष्ट्रीय स्यंसेवक संघ (आरएसएस) की शाखाओं को सुरक्षा प्रदान करने के लिए भेजा था और दक्षिणपंथी संगठन को भी लोकतांत्रिक देश में काम करने का पूरा अधिकार है। सुधाकरन ने कन्नूर जिले में एक समारोह में कहा कि मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने यहां एडक्कड़, थोत्तादा और किज्हुन्ना जैसी जगहों पर शाखाओं को नष्ट करने की कोशिश की थी और उन्होंने वामपंथी कार्यकर्ताओं द्वारा उन्हें नष्ट होने से बचाने के लिए लोगों को भेजा था।

भारत में 100 से अधिक उम्र के 2.49 लाख मतदाता: राजीव कुमार

पुणे, एजेंसी।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने बुधवार को कहा कि भारतीय मतदाता सूची में लगभग 2.49 लाख मतदाता हैं, जिनकी उम्र 100 साल से अधिक है। कुमार ने महाराष्ट्र के पुणे शहर में मतदाता सूची के विशेष सारांश संशोधन का राष्ट्रीय स्तर पर शुरुआत करते हुए मतदाता पंजीकरण के बारे में जागरुकता फैलाने के वास्ते एक साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इसके अलावा, 1.80 करोड़ मतदाता 80 वर्ष से अधिक आयु के हैं।

भारतीय निर्वाचन आयोग (ईसीआई) की इस पहल का उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में मतदाताओं के पंजीकरण में वृद्धि करना है। भारतीय

मतदाता सूची की मजबूती और सुंदरता के बारे में बताते हुए, कुमार ने कहा कि देश में हिमालय की सबसे ऊंची चोटियों, दक्षिण में तटी इलाकों, पश्चिम में रेगिस्तान और पूर्वोत्तर क्षेत्रों के भी मतदाता हैं। उन्होंने कहा, आपको यह जानकर खुशी होगी कि मतदाता सूची में करीब 2.49 लाख मतदाता हैं, जिनकी उम्र 100 से अधिक है। जब आप उनके साथ बातचीत करेंगे तो पाएंगे कि वह जीवन भर मतदान करते रहे हैं और इससे क्या राहत और उत्साह महसूस होता है।

उन्होंने रैली के बाद संवाददाताओं से कहा, इसके अलावा, 1.80 करोड़ मतदाता हैं जिनकी उम्र 80 वर्ष से अधिक है।

कुमार ने भारत के पहले मतदाता श्याम सरन नेगी की ज़िक्र करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी मृत्यु से तीन दिन पहले डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान किया था। यही ज़ज़्बा है। उन्होंने कहा, सारांश संशोधन हर साल होता है, लेकिन इस साल हम एक बहुत ही केंद्रित गतिविधि कर रहे हैं और इसे आज पुणे से पूरे देश में शुरू कर रहे हैं।''

सीईसी ने कहा, इसका क्या मतलब है? देश में हर जगह और सबसे दूरस्थ राज्यों में, चाहे वह पहाड़ियां हों, तटीय रेखाएं हों, दुर्गम इलाके, रेगिस्तान, हर जगह हर एक नागरिक मतदाता के रूप में सूचीबद्ध हो सकता है और न केवल पंजीकृत होकर बल्कि अपने वोट से भी लोकतंत्र को मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों के नागरिकों की भागीदारी बढ़ाने के विशिष्ट उद्देश्य से पुणे से विशेष सारांश संशोधन शुरू किया गया है।

आरटीआई के उपयोग से भ्रष्टाचार मुक्त भारत बनाने में मदद मिलेगी: ओम बिरला

नई दिल्ली, एजेंसी।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को कहा कि सूचना का अधिकार (आरटीआई) के प्रभावी उपयोग से विकसित और भ्रष्टाचार मुक्त भारत का निर्माण करने में सहायता मिलेगी, जिसकी परिकल्पना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की है। उन्होंने कहा कि आरटीआई अधिनियम का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को सशक्त बनाना, पारदर्शिता लाना, व्यवस्था को भ्रष्टाचार मुक्त बनाना और सही अर्थो में लोकतंत्र को देश के लोगों के हाथों में सौंपना है।

बिरला ने 'आजादी का अमृत महोत्सवः सूचना के अधिकार के जरिये नागरिक-केंद्रित शासन' विषय पर आयोजित केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) के वार्षिक

सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही।

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि आरटीआई के प्रभावी उपयोग से विकसित एवं भ्रष्टाचार मुक्त भारत बनाने में मदद मिलेगी जिसकी संकल्पना प्रधानमंत्री मोदी ने की है। बिरला ने कहा,सुदृढ़ सूचना प्रणाली जवाबदेह और पारदर्शी व्यवस्था का आधार है। जानकारी और जागरूकता से नागरिकों का सशक्तिकरण होता है, तथा लोकतंत्र समृद्ध होता है। उन्होंने कहा, 75 वर्षों की हमारी लोकतांत्रिक यात्रा में देश अनेक सामाजिक-आर्थिक परिवर्तनों से सशक्त राष्ट्र बना है।

उन्होंने कहा कि कानून का शासन, प्रशासन की जवाबदेही एवं व्यवस्था पारदर्शी हो, इसके लिए समय-समय पर विधायिका ने विधि निर्माण किया है तथा आरटीआई भी भारतीय संसद द्वारा पारित एक अभिनव विधान है।

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा, शासन द्वारा नीतियों एवं योजनाओं के निर्माण तथा प्रशासन द्वारा उनके क्रियान्वयन के समय समुचित जवाबदेही हो, जिसके लिए योजनाएं बनती हैं। अंतिम व्यक्ति को भी नीतियों की जानकारी हो, आरटीआई ने ऐसी पारदर्शी व्यवस्था का प्रबंध किया है। आज ई-गवर्नेंस इसमें बहुत सहायक बन रहा है। इस अवसर पर कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मामलों के राज्य मंत्री जितेन्द्र सिंह ने कहा कि सशक्त नागरिक लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण स्तंभ होते हैं और सीआईसी सूचना के माध्यम से लोगों को सशक्त बनाने का काम जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि आरटीआई यांत्रिक कानून नहीं है बल्कि भारतीय लोकतंत्र को मजबूत बनाने, प्रशासन में पारदर्शिता लाने एवं सामान्य लोगों का क्षमता निर्माण करके उन्हें सूचना एवं विकल्प आधारित फैसला लेने में सक्षम बनाने के वृहद प्रयास का हिस्सा है।

सिंह ने कहा कि मोबाइल आधारित एप विकसित करने, ई-फाइलिंग, ई-सुनवाई, ई-अधिसूचना जैसे कार्यों के लिये प्रौद्योगिकी का उपयोग किया जा रहा है और इससे कानून के तहत सूचना मांगने वालों को सहूलियत हो रही हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय सूचना आयोग ने जो मोबाइल एप विकसित की है, जिसने लोगों के लिये अपील फाइल करना आसान बना दिया है।

केम्पेगौड़ा हवाई अड्डे के टर्मिनल 2 का उद्घाटन करेंगे मोदी

नई दिल्ली,एजेंसी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल 2 का उद्घाटन करेंगे, जिसका निर्माण लगभग 5,000 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। अधिकारियों ने बुधवार को कहा कि टर्मिनल 2 के उद्घाटन के साथ ही हवाई अड्डे पर चेक-इन और आव्रजन के लिए काउंटरों की संख्या के साथ ही यात्रियों को संभालने की क्षमता दोगुनी हो जाएगी, जिससे लोगों को काफी सुविधा होगी।

हवाई अड्डा वर्तमान समय में सलाना 2.5 करोड़ यात्रियों को संभालने की क्षमता है जो अब बढ़कर सालाना लगभग पांच-छह करोड़ यात्री हो जाएगी। अधिकारियों ने कहा कि टर्मिनल 2 को गार्डन सिटी बेंगलुरु के लिए एक सम्मान के रूप में डिजाइन किया गया है।

स्वागत न्यायालय ने कहा था कि यह (आरक्षण) न तो भेदभावपूर्ण है, न ही संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन

निजी शैक्षणिक संस्थानों ने ईडब्ल्यूएस आरक्षण पर न्यायालय के फैसले का किया स्वागत

नई दिल्ली, एजेंसी।

कई निजी शिक्षण संस्थानों ने आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों (ईडब्ल्यूएस) को 10 प्रतिशत आरक्षण बरकरार रखने के उच्चतम न्यायालय के निर्णय का स्वागत किया है, कुछ का मानना है कि आरक्षण संबंधी दिशा-निर्देशों में बदलाव करने में समय लगेगा। आईआईएलएम विश्वविद्यालय गुरुग्राम डीन आशा वर्मा ने कहा, भारत जैसे देश में, निजी गैर-सहायता प्राप्त संस्थानों में आरक्षण दिवा स्वप्न सरीखा लगता है। इन संस्थानों में आरक्षण से संबंधित शैक्षिक दिशा-निर्देशों को बदलने में समय लगेगा। उच्चतम न्यायालय ने आरक्षण नीति के संबंध में कई संदेहों को भी स्पष्ट किया है।

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को शैक्षणिक संस्थानों और सरकारी नौकरियों में ईडब्ल्यूएस के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण को 3-2 के बहुमत के निर्णय के आधार पर बरकरार रखा था। न्यायालय ने कहा था कि यह (आरक्षण) न तो भेदभावपूर्ण है, न ही संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन। हैदराबाद में महिंद्रा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ यजुलु मेदुरी ने कहा कि 10 प्रतिशत आरक्षण बरकरार रखने के शीर्ष अदालत के निर्णय से आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने और उनके भविष्य को सुरक्षित करने में मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा, निर्णय से समाज के विभिन्न वर्गों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देकर समग्र प्रगति और विकास को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। गुरुग्राम के बीएमएल मुंजाल विश्वविद्यालय के डीन डॉ प्रीतम बरुआ के अनुसार, शीर्ष अदालत के निर्णय से दो महत्वपूर्ण सवाल उठते हैं- क्या आर्थिक स्थिति आमतौर पर आरक्षण के लिए एक अच्छा आधार है और क्या हम आरक्षण के उद्देश्य से गरीबों के बीच तर्कसंगत रूप से भेदभाव कर सकते हैं।

गुजरात के मारवाड़ी विश्वविद्यालय के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी (प्रोवोस्ट) संदीप सचेती ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला स्वागत योग्य कदम है। उन्होंने कहा, ऐसा इसलिए है क्योंकि पिछले कुछ वर्षों में यह देखा गया है कि अच्छा प्रदर्शन करने वाले कई छात्र वित्तीय सीमाओं के कारण अच्छे संस्थानों के पोर्टल तक नहीं पहुंच पाते हैं ... कुल मिलाकर, आर्थिक रूप से वंचित लेकिन योग्य छात्रों को सपने पूरा करने में मदद के लिए यह सही कदम है। सबसे अच्छी बात यह है कि यह किसी विशेष वर्ग, क्षेत्र और धर्म से संबंधित नहीं है। वास्तव में, यह सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है।

बेंगलुरु के आईएफआईएम लॉ स्कूल के प्रिंसिपल डॉ सुनील जॉर्ज ने कहा कि फैसला संविधान के अनुच्छेद 14 के अनुरूप है। उन्होंने कहा, आरक्षण प्रदान करने के पीछे तर्क यह है कि समाज में मौजूद किसी भी तरह की अक्षमता को दूर किया जाए, जिसमें किसी की आर्थिक स्थिति के कारण अक्षमता भी शामिल है। यह निर्णय संविधान में परिकल्पित शिक्षा के अधिकार को और अधिक सार्थक बना देगा।

Nidhi Services Limited

Regd. Off : 5/19-B, Roop Nagar, Delhi - 110007

Tel.: 011-43215145, Mobile: 09811021216, CIN : L65999DL1984PLC018077, E-mail: nidhiservicesltd@gmail.com

Extract of Standalone Un-Audited Financial Results of the Quarter ended on 30th September, 2022

(Rs. In Lacs/Amount)

Sl. No.	Particulars	Current Quarter ending	Year to Date	Corresponding 3 months ended in the previous year
		30-Sep-22	30-Sep-22	30-Sep-21
1	Total Income from Operations	7.85	16.71	6.54
2	Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items#)	4.83	11.19	3.89
3	Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items#)	4.83	11.19	3.89
4	Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items#)	4.69	9.60	2.89
5	Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit /(Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)]	4.69	9.60	2.89
6	Equity Share Capital	150	150	150
7	Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year		466.27	
8	Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations) -			
	1) Basic:	0.31	0.64	0.19
	2) Diluted:	0.31	0.64	0.19

The above results were reviewed by the Audit Committee and thereafter taken on record by the Board in its meeting held on 9th November, 2022 and also Limited Review Report were carried out by the Statutory Auditors.

Note

a) The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirments) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Financial Results are available on the Company's Website i.e (www.nidhiservicesltd.com) and on the website of the Stock Exchange (www.cse-india.com) and (http://www.msei.in/index.aspx)

For **Nidhi Services Limited**
Sd/-
Udit Agarwal
Whole Time Director
DIN: 00239114

PLACE : Delhi
DATE : 09.11.2022